तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 27 मई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

14 पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ...



14 सच्चा मित्र वही, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और...



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** युवक से मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ तुमगांव पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि तुमगांव के एक ट्रेडर्स दुकान में शिव कुमार सोनवानी के साथ आरोपी रूपेश और वीरू गहरवाल ने मारपीट कर दी। मारपीट से युवक के सिर में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गयाहै।

### 35 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बलौदा पुलिस ने ग्राम हरिबनपुर के आगे तालाब के पास रोड किनारे एक व्यक्ति के कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी लखपति बरिहा पिता सत्यानंद बरिहा (30 साल) सुकडा थाना बलौदा के कब्जे कुल 35 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 7000 रु को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चार किलो गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** सिंघोड़ा पुलिस ने शनिवार को बाइक सवार दो लोगों को 4 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक एक्ट 20(ख) के तहत कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर बाइक क्रमांक सीजी 07 ए डब्लू 7919 की एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में नाकेबंदी की। बाइक सवारों ने नाम-पता वार्ड 40 केला बाड़ी इरानी डेरा पद्मनामभपुर थाना पद्मनामभपुर जिला दुर्ग निवासी रामजी कोशले (24) व वार्ड नंबर 40 सिविल लाईन सांई मंदिर के पास पद्मनामभपुर थाना पद्मनामभपुर जिला दुर्ग निवासी शेष नारायण यादव (30) बताया। पुलिस ने जब बाइक की तलाशी ली तो बाइक की सीट में 04 किलो गांजा (कीमत 60 हजार रुपए) मिला।

# जहां अवैध रेत भंडारित, वहां के जमीन मालिकों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ कलेक्टर का सख्त निर्देश- अवैध के खिलाफ हो कार्रवाई, नक्शा खसरा निकाल भूस्वामियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की तैयारी

बरबसपुर, बिरकोनी और घोड़ारी के आसपास के इलाकों में अवैध रुप से डंप की गई रेत मामले में जमीन मालिकों की कुंडली खंगाली जा रही है। जमीन मालिकों को रेत डंप करने की परमिशन के साथ कुल रेत का पिट पास भी दिखाना होगा। कलेक्टर के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा बाकायदा इन जमीनों का नक्शा खसरा निकालकर भूस्वामियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की तैयारी है।

बरबसपुर में रेत चोरों ने सरकारी और वन भूमि पर भी अवैध रुप से रेत का भंडारण कर रखा है। करीब माह भर पूर्व यहां के श्मशान और प्लांटेशन तक में अवैध रुप से रेत का भंडारण किए जाने की खबर सुर्खियों में रही। वर्तमान में बरबसपुर के आसपास के इलाकों में सैकड़ों स्थानों पर अवैध रुप से रेत की डंपिंग की गई है। जिसके लिए न तो जमीन मालिकों के पास अनुज्ञा है और न ही यहां उत्खनित रेत का पिट पास। ऐसे में खनिज विभाग द्वारा इन अवैध भंडारणों और खनिज की जब्ती की कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

## खनिज विभाग राजस्व अमले के साथ मिलकर जुटा रहे आंकड़े

### महंगे दामों में बेची जा रही रेत

महानदी से रेत उत्खनन कर कवर्धा, बेमेतरा, राजधानी रायपुर सहित उन इलाकों में रेत की सप्लाई की जा रही है जहां नदी नालों का अभाव है। रेत की उपलब्धता नहीं होने के कारण इन स्थानों में रेत की भारी कीमतें वसूल की जा रही है। जिसके कारण महासमुंद, आरंग, राजिम और सहित नदी नालों के तटीय इलाकों में जमकर रेत का उत्खनन किया जा रहा है।


हरिभूमि
नोटिस का जवाब नहीं दिया, रेत के 7 भंडारणकर्ताओं की अनुज्ञा निरस्त

### अनुज्ञा क्षमता से अधिक भंडारण की भी शिकायतें

रेत के भंडारण के लिए गिने चुने लोगों के पास अनुज्ञा मौजूद है। उसमें भी शिकायतें यह मिल रही है कि निर्धारित क्षमता से अधिक भंडारण किया गया है। अनुज्ञा प्राप्त रेत भंडारणकर्ताओं के स्थल की भी जांच की आवश्यकता है।

### सरकारी जमीन पर डंपिग पर होगी जब्ती की कार्रवाई

खनिज विभाग के अफसरों ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान बताया कि तटीय इलाकों में जिन जमीनों में रेत डंप हैं वहां का नक्शा, खसरा और भू स्वामियों की जानकारी निकाली जा रही है, जिसके बाद सख्त कार्रवाई होगी। साथ ही शासकीय जमीनों पर किए गए अवैध डंपिग जब्त किए जाएंगे।

**विडंबना:** दिसंबर तक चलेगा सर्वे का कार्य, भोपाल की कंपनी कर रही सर्वे कार्य

# शहर में यातायात दबाव कम करने बाइपास के लिए अब लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



एनएच-353 पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। भारी वाहनों की आवाजाही से खतरा भी बढ़ गया है। वाहनों की स्पीड भी कम नहीं हो रही है। सिग्नल का भी पालन नहीं हो रहा है। ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए बाइपास मार्ग की मांग लंबे समय से की जा रही है। लेकिन, इस साल भी लोगों को बाइपास की सौगात मिलने की उमीद कम है।

महासमुंद बाइपास मार्ग के लिए सर्वे का कार्य किया जा रहा है। मेसर्स लायन इंजीनियरिंग कंपनी भोपाल के द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य दिसंबर 2025 तक चलेगा। इस तरह लोगों को इस वर्ष बाइपास मार्ग के लिए स्वीकृति का इंतजार करना पड़ेगा। ज्ञात हो कि 2023 में पूर्व में बनाई गई डीपीआर निरस्त कर दी गई थी। नए सिरे से सर्वे कर रिपोर्ट बनाने के निर्देश दिए गए थे। नई डीपीआर में कितने गांव आएंगे, कितने किमी की सड़क बनेगी और मार्ग कितनी चौड़ा होगा, इसकी जानकारी के लिए लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। इधर, सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविरों में भी बाइपास मार्ग बनाने की मांग की गई। सबसे ज्यादा दिक्कत त्योहारी सीजन और स्कूली बच्चों के आने-जाने के समय होती है। बाइपास मार्ग बन जाने से कुछ हद तक शहर के लोगों को राहत मिलेगी और ट्रैफिक पर दबाव कम होगा। पूर्व में हुए सर्वे में 18 किमी मार्ग चिह्नांकित था, जिसमें 13 गांव शामिल थे। नेशनल हाइवे के स्थानीय अधिकारी ने बताया कि दिसंबर तक सर्वे का कार्य चलेगा। उसके बाद ही आगे की प्रक्रिया होगी। डीपीआर बनाने का कार्य जारी है।

### बिना इंडीकेटर खड़े रहते हैं वाहन

नेशनल हाइवे पर बिना इंडीकेटर के भारी वाहन खड़े रहते हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। यातायात विभाग कुछ दिनों कार्रवाई करता है। उसके बाद फिर से जस की तस वाहन वहीं खड़े होते हैं। कई ट्रक खराब होने के कारण खड़े रहते हैं, लेकिन कई बेवजह खड़े रहते हैं।

### बाइपास के लिए केंद्रीय मंत्री से भी की मांग

2023 में पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू और पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर द्वारा बाइपास मार्ग के लिए केंद्रीय मंत्री तक को पत्र लिखा गया था। पूर्व में प्राक्कलन तैयार करने के लिए भी निर्देश दिए गए थे। 2024 में भी वर्तमान सांसद रूपकुमारी चौधरी के द्वारा भी महासमुंद बाइपास के लिए केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर बाइपास मार्ग नहीं होने से हो रही परेशानी से अवगत कराया गया, लेकिन प्रक्रिया धीमी गति से चल रही है।

### त्योहारी सीजन में दबाव

सबसे ज्यादा दिक्कत त्योहारी सीजन में होती है। जगह-जगह सिग्नल पर लंबी कतार लग जाती है और वाहनों को आने-जाने में दिक्कत होती है। कई बार ग्रीन सिग्नल पार करने के चक्कर में ट्रक अपनी रफ्तार बढ़ा देते हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा रहता है। नेहरू चौक के पास हुई दुर्घटना को अब तक लोग भूल नहीं पाए हैं। इसके अलावा पुलिस थाना के पास हुई दुर्घटना भी लोगों के जेहन में ताजा है।

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा वट सावित्री का व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पति की लंबी आयु के लिए सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने वट सावित्री का उपवास रख कर शुभ मुहूर्त में पूजा-अर्चना की और वट वृक्ष पर रक्षा सूत्र बांधा। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाले व्रतों में वट अमावस्या को बेहद उत्तम व प्रभावी व्रतों में से एक माना गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत में सावित्री माता की पूजा की जाती है, जो यमराज से अपने पति के प्राण वापस ले आई थीं। इस व्रत से महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना करती है। आज सुहागिन महिलाओं ने श्रृंगार कर नये परिधान पहनकर वट वृक्ष की परिक्रमा कर विधिवत पूजा-अर्चना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ऐसा करने से पति के जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और सुख-समृद्धि के साथ लंबी आयु की प्राप्ति होती है। व्रत को लेकर कुछ दिनों पूर्व से ही शहर में विभिन्न स्थानों पर उससे संबंधित सामग्रियों का बाजार सज गया था एक ओर जहां पूजा सामग्रियों के लिए कई स्थानों पर पसरा लगा हुआ था वहीं, दूसरी ओर फल, श्रृंगार, कपड़े आदि के दुकानों में भी महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही थी।

### दुर्लभ संयोग

योगों के दुर्लभ संयोग से इस साल वट सावित्री व्रत धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से बहुत पुण्यदायी है। वट सावित्री व्रत सोमवार अमावस्या तिथि पर पड़ा है। चंद्रमा वृषभ राशि में स्थित रहेंगे। इसके अतिरिक्त और भी शक्तिशाली योग बुधादित्य योग से बुद्धि, संवाद और बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। मालव्य योग सुंदरता, भोग-विलास और ऐशो-आराम में वृद्धि करता है। त्रिवाही योग तीनों ग्रहों की मिली शक्ति से मंगलमय प्रभाव डालता है।

# समाधान शिविर में 331 पात्र पेंशन आवेदकों को स्वीकृति पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में विभिन्न विकासखंडों में समाधान शिविरों का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। इसी कड़ी में 26 मई को आयोजित शिविरों में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत सेक्टर रायतुम में आयोजित शिविर में 68 पात्र पेंशन आवेदकों को, विकासखंड सरायपाली के सेक्टर पाटसेंद्री में 159 पात्र पेंशन आवेदकों को तथा विकासखंड बागबाहरा के सेक्टर नर्रा में 104 पात्र पेंशन आवेदकों को पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस प्रकार जिले के तीन विकासखंडों में कुल 331 पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

# नपं अध्यक्ष एसपी से मिले, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



समीपस्थ नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलराम कांत साहू ने उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पति द्वारा गाली-गलौज करने तथा आफिस में घुसकर जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग एसपी से की है। बता दें कि मामले में 17 मई को सूचना देने के बाद भी स्थानीय आरक्षी केंद्र में रिपोर्ट दर्ज नही की गई वहीं नपं अध्यक्ष का आरोप है कि सत्ता पक्ष के होने के कारण दूसरे पक्ष की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वहीं 10 दिन बाद भी निर्दलीय अध्यक्ष की रिपोर्ट दर्ज नही की जा रही। साहू ने 3 दिन के भीतर कार्रवाई की मांग की है अन्यथा की स्थिति में उन्होनें आंदोलन की चेतावनी दी है।

एसपी को सौंपे गए पत्र में कहा है कि 17 मई को अपने साथियों के साथ नगर पंचायत तुमगाव में उपस्थित होकर भारतीय सेना द्वारा आपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों के विरूद्ध की गई कार्रवाई के सफलता के जश्न में सभी आयोजन की तैयारी में लगे थे तथा उक्त रैली के लिये जब बलरामकांत नगर पंचायत कार्यालय के प्रांगण में पहुंचा तो उसी समय नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सावित्री निर्मलकर के पति उत्तम निर्मलकर भी वहां पर पहुंचे। साहू ने कहा कि आप लोग मेरे ओवरब्रिज पास स्थित कार्यालय गए थे उसके बाद से मेरे ट्रक के दो नग टायर वहां से गायब हैं। जिसकी खोजबीन मेरे द्वारा किया जा रही है। इसकी शिकायत थाना में देने जा रहा हूं, यदि आप लोग यह काम किए हो तो मेरे दोनों टायर वापस कर दो अन्यथा शिकायत करूंगा। जिस पर उत्तम निर्मलकर मेरे साथ अश्लील मां-बहन की गाली गलौच करने लगा तथा वहीं पर उपस्थित उत्तम की पत्नी सावित्री द्वारा भी अश्लील गाली-गलौच करते हुए चप्पल उतारकर मारने का प्रयास करने किया गया। सावित्री निर्मलकर द्वारा बलराम कांत को छेड़छाड़ जैसे झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दी और उत्तम ने भी साहू को कार्यालय व घर में घुसकर मारने की धमकी देने लगा। मामले में निष्पक्ष जांच कराकर गाली-गलौच करने एवं जान से मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की गई है।

## संविधान की रक्षा को लेकर उमड़ा जनसैलाब, विधायक का उद्बोधन बना प्रेरणा स्रोत

# संविधान बचाओ यात्रा ने बागबाहरा में भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



देशभर में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ यात्रा अभियान के अंतर्गत रविवार को बागबाहरा में ऐतिहासिक आयोजन हुआ। यह यात्रा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के निर्देशानुसार तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। खल्लारी विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में यह यात्रा जन-जागरुकता की एक जीवंत मिसाल बन गई।

यात्रा का शुभारंभ प्रातः 10 बजे बागबाहरा रेलवे स्टेशन चौक से हुआ, जहां स्थानीय नागरिकों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की भारी उपस्थिति ने इस अभियान को ऐतिहासिक बना दिया। यह यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए झलप चौक तक पहुंची। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा, नारों और तालियों के साथ स्वागत किया।

### जनसमर्थन ने बढ़ाया हौसला, बनी सामाजिक चेतना की मिसाल

संविधान बचाओ यात्रा ने न केवल एक राजनीतिक अभियान का स्वरूप लिया, बल्कि यह सामाजिक चेतना और संविधान के प्रति आमजन के विश्वास का प्रतीक बनकर उभरी। कार्यक्रम में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि जनता अब संविधान के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ को सहन नहीं करेगी।

### कांग्रेस ने दी चेतावनी कहा- संविधान से छेड़छाड़ नहीं सहेंगे

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने संविधान की रक्षा का संकल्प लेते हुए चेतावनी दी कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार संविधान के प्रावधानों को कमजोर करने की कोशिश करती है, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर लोकतंत्र और समाज के हाशिए पर खड़े वर्गों की आवाज़ बुलंद करेगी।

### खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव का तीखा प्रहार

झलप चौक पर आयोजित सभा में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र की डबल इंजन सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज संविधान पर सुनियोजित हमला हो रहा है। भाजपा सरकार द्वारा आरक्षण, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश रची जा रही है। एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के अधिकारों को छीनने का प्रयास हो रहा है। यह संविधान बचाओ यात्रा मात्र एक रैली नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का जनसंग्राम है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ही भारत को एकजुट रखता है और उसी को मिटाने की साजिश भाजपा कर रही है।

### कार्यक्रम में जुटे कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता

कार्यक्रम में भूपेंद्र सिंह ठाकुर अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, रवि निषाद अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण कांग्रेस कमेटी, करण सिंह दीवान अध्यक्ष पिथौरा कांग्रेस कमेटी, संतोष पटेल अध्यक्ष कोमाखान कांग्रेस कमेटी, ताम्रध्वज बघेल युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, दुर्गा सागर अध्यक्ष महिला कांग्रेस (जिला), बागबाहरा जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गणेश शर्मा, लखबीर छाबड़ा, नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू के साथ-साथ कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों, मोर्चों, संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए जिले के पांच खिलाड़ियों का चयन

**महासमुंद।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा संचालित आवासीय खेल अकादमी रायपुर के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया गया था। जिसमें तीरंदाजी एवं हॉकी खेल में जिले के खिलाड़ियों ने चयन ट्रायल में शामिल होकर बैटरी टेस्ट व स्किल टेस्ट दिया था। जिसमें तीरंदाजी खेल में बिहाझर बागबाहरा से कुशो राम साहू पिता माना राम साहू, तुमगांव से राहुल धीवर पिता नारद कुमार, भोरिंग से देविका साहू पिता टीकम साहू, दिलेश्वरी साहू पिता चंद्रहास साहू, हॉकी खेल में बेमचा से डोलेश निषाद पिता जवाहर लाल का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों को शासन द्वारा निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल सामग्री, प्रशिक्षण, भोजन, आवास, खेल किट उपलब्ध कराया जाएगा।



खेल अकादमी रायपुर के लिए जिले के खिलाड़ियों का चयन होने पर खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक डॉ. सेवन दास मानिकपुरी, डॉ. सुनील कुमार भोई, छात्रावास अधीक्षक बॉल आश्रम बिहाझर, डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, एवन कुमार साहू सचिव एवं तीरंदाजी प्रशिक्षक, सोमनाथ साहू, पिरित राम साहू, संजय पैकरा, जया साहू, नवलीन कौर, नीलम साहू इत्यादि ने हर्ष जताया है।

## खबर संक्षेप



### एनसीसी अस्पताल झलप में डायलिसिस सुविधा प्रारंभ

**महासमुंद।** झलप स्थित एनसीसी अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ हो गया है। क्षेत्र में लगातार गुर्दा रोग के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए ये डायलिसिस मशीनों के साथ यह सुविधा प्रारंभ गई है। रायतुम के निकट सिंघनगढ़ के बरिहा की डायलिसिस पहले मरीज के ट्रायल के रूप में की गयी। पूजा पाठ के पश्चात ट्रायल रूप में मरीज की डायलिसिस सफलतापूर्वक की गई। श्रवण बरिहा ने बताया कि पहले इसे डायलिसिस के लिए सप्ताह में तीन बार महासमुंद जाना पड़ता था, जिससे उसे मानसिक, शारिरिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब झलप एनसीसी अस्पताल में यह सुविधा प्रारंभ होने पर इसे उन परेशानियों से मुक्ति मिलेगी और रुपए की भी बचत होगी। एनसीसी अस्पताल के संचालक डा. विमल चोपड़ा ने जानकारी दी कि आयुष्मान कार्ड में पूर्णतः निःशुल्क डायलिसिस किया जाएगा, जो मरीज यहां डायलिसिस कराना चाहते है शीघ्र ही अपना पंजीयन कर सकते है। यहां डायलिसिस आधुनिक मशीनों से की जाएगी। जिसके साथ आपातकालीन सारी व्यवस्थाएं की जाएगी। दो मशीनों के साथ डायलिसिस प्रारंभ किया गया है। मरीजों की संख्या बढ़ने पर मशीनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। डा. चोपड़ा ने बताया कि लगातार देखने में आ रहा है कि दर्द निवारक दवाएं, कीटनाशक एवं शराब के कारण किडनी के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। निकट भविष्य में जिले में इसका सर्वे कर राज्य एवं केंद्र सरकार को रिपोर्ट सौंपकर इस रोग के जड़ पर प्रहार करने का निवेदन किया जाएगा।

### बालाजी कॉलेज में बीएड अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**महासमुंद।** श्याम बालाजी कॉलेज में बीएड अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को यादगार विदाई देने के लिए एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। पश्चात छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षकों का आदरपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर उपस्थित थे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को आशीर्वाद प्रदान किया। सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी ने भी छात्रों को स्नेह और प्रेरणा के साथ भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम के दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने भी मंच पर आकर अपने अनुभव साझा किए।

# श्रद्धा और आस्था के साथ महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोमाखान

सावित्री और सत्यवान की अमर प्रेम कहानी पर आधारित वट सावित्री व्रत हर वर्ष श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया जाता है। यह व्रत सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए रखा जाता है। इस बार यह पर्व और भी खास बन गया है, क्योंकि 26 मई को वट सावित्री के साथ ही सोमवती अमावस्या का दुर्लभ संयोग बना। ऐसा योग बहुत ही कम बार बनता हैऔ र इसे बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन धर्मिक मान्यता के अनुसार सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण वट वृक्ष के नीचे ही यमराज से वापस लिए थे, तभी से यह वृक्ष



अखंड सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। ग्राम के शीतला माता मंदिर परिसर में स्थित विशाल वट वृक्ष के नीचे सोलह श्रृंगार कर व्रतधारी महिलाएं एकत्रित होकर वट वृक्ष की पूजा कर फेरे (परिक्रमा) लिए। और आरती कर पति की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की गई। बरगद की छाँव में बैठकर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। महिलाओं ने वट वृक्ष से अमर सुहाग का वरदान मांगा।

मेघा उपाध्याय ने सत्यवान और सावित्री की कथा सुनाई। उन्होंने बरगद के वृक्ष में त्रिदेव ब्रम्हा, विष्णु और महेश का वास होना बताया और कहा कि इस अक्षय वृक्ष की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस धार्मिक पूजन को सभी महिलाएं मिलकर एक साथ किए। जिनमें आशा सोनी, अमृता उपाध्याय, शोभा सोनी, प्रगति उपाध्याय, गोमती यादव, अदिति सोनी, रेणुका साहू, साधना उपाध्याय, अमर पटेल, चंपा पटेल, जया उपाध्याय, रजनी केशरवानी, अनिता शर्मा , उर्वशी शर्मा सहित असंख्य सुहागिन महिलाएं द्वारा पूजन सम्पन किया गया। यह जानकारी केआर सोनी ने दी है।



### वट सावित्री व्रत श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया, सुहागिनों ने की वटवृक्ष की पूजा

**पिथौरा (ग्रामीण)।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में वट सावित्री व्रत सोमवार को श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने वटवृक्ष की पूजा-अर्चना कर अपने पतियों की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही महिलाएं दुल्हन की तरह सज-संवरकर व्रत का संकल्प लेकर वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं। उन्होंने कथा वाचन कर सावित्री और सत्यवान की पौराणिक कथा का श्रवण किया और पूजन-अर्चन कर व्रत पूर्ण किया। व्रती महिलाओं ने वटवृक्ष की परिक्रमा कर लाल सूत बांधा और सौभाग्य कि कामना की।



**बसना।** आज के दिन सावित्री का व्रत सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं। इस दिन विवाहित महिलाएं पति दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती हैं और वट वृक्ष की पूजा करती हैं। मान्यतानुसार इस वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता है। ऐसा कहा जाता है कि देवी सावित्री को समर्पित यह मंदिर तब बनाया गया था, जब उन्होंने अपने पति ब्रह्मा को श्राप दिया था कि उन्होंने एक निम्न स्तर के प्राणी के साथ एक महत्वपूर्ण धार्मिक समारोह के संचालक के रूप में अपने पति के साथ मिलकर अपने महत्वपूर्ण स्थान से समझौता किया है। सनातन धर्म में वट सावित्री व्रत कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है। इस बार अमावस्या तिथि 26 मई सोमवार को दोपहर 12 बजकर 12 मिनट पर प्रारंभ होकर अगले दिन 27 तारीख मंगलवार को सुबह 8 :33 तक रहेगी। इसके बाद ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि लगेगी जो क्षय होगी। इसलिए मंगलवार को उदयातिथि में अमावस्या होने से मंगलवार को वट सावित्री का व्रत होगा, सौभाग्यवती स्त्रियां अपने पति की दीर्घ आयु की कामना से यह व्रत करेंगी।

# सैकड़ों की संख्या में सुहागिन महिलाओं ने की वट सावित्री की पूजा, मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

पति की दीर्घायु व सुख शांति के लिए तेंदूकोना सहित आसपास गांवों के महिलाओं ने सोमवार को वट वृक्ष की पूजा अर्चना की। सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने सुबह से ही वट सावित्री की पूजा अर्चना की तैयारी में जुट गई थी। इस दौरान सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा एवं पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु की कामना की।

सोमवार को दोपहर तक पूजा की थाल में पूजा सामग्री लेकर स्थानीय बाजारपारा में स्थित वट वृक्ष तक महिलाएं पहुंचती रही। वट



वृक्ष को पीले धागों से बांधने के साथ ही महिलाओं ने कुमकुम बंदन लगाकर एक दूसरे को वट सावित्री व्रत की शुभकामनाएं दी। नगर पुरोहित पंडित भागीरथी दुबे ने व्रत कथा पढ़कर सुनाया तथा बीते 22 अप्रैल को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में सुहागिन हिंदू माता के सुहाग को उजाड़ने वाले पाकिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ आक्रोस जताया व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस दौरान मंदिर विकास महिला समिति द्वारा सिंदूरदान महादान कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमें उपस्थित सभी सुहागिन महिलाओं को गुलापी सिन्हा द्वारा सिंदूर डिब्बा का दान किया गया। इस दौरान मीना दीक्षित, मंदाकिनी दुबे, भारती साहू, गुलापी सिन्हा, पुष्पा साहू, तुलसी साहू, विद्या साहू, गुंजा साहू, सावित्री साहू, योगेश्वरी साहू, रश्मि सोनी, सविता अग्रवाल, सीता अग्रवाल, अर्चना तिवारी, भुवनेश्वरी पटेल, स्वती मिश्रा, रुक्मणी सोनी, इंदु पंडा, स्वधा सोनी, सुमन विश्वकर्मा, नागेश्वरी विश्वकर्मा, कावेरी विश्वकर्मा, फूलबाई, पूर्वी पटेल, प्रियंका सिंह सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## सुशासन तिहार: जनपद अध्यक्ष ने साधा निशाना, की कड़ी कार्रवाई की मांग

# समाधान शिविर में उठा रेत भंडारण, रॉयल्टी वसूली और अवैध शराब बिक्री का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्रा में सोमवार को सुशासन तिहार व समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का प्रत्यक्ष समाधान करना और पूर्व में दी गई शिकायतों की प्रगति की जानकारी देना था। इस शिविर में क्षेत्र के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण नागरिक उपस्थित रहे।

शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं खुले मंच पर रखीं। वहीं पूर्व में दर्ज की गई शिकायतों के निराकरण की स्थिति की भी जानकारी ली गई। कार्यक्रम के केंद्र बिंदु में रहे जनपद पंचायत अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर, जिन्होंने मंच से रेत के उत्खनन करके अवैध रेत भंडारण और ग्राम विकास के नाम पर रॉयल्टी वसूली जैसे गंभीर मुद्दों को पुरज़ोर तरीके से उठाया।

जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं इस मंच से आज एक अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे को उठाना चाहता हूँ, हमारे क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा रेत उत्खनन कर अवैध भंडारण और रॉयल्टी वसूली का संगठित खेल। आज कोमाखान क्षेत्र के विभिन्न नदी-नालों, जैसे जोंक नदी, कांदाजरी नाला आदि से रेत की निकासी कर अवैध भंडारण किया जा रहा है। यह न केवल प्राकृतिक संसाधनों की लूट है, बल्कि हमारे ग्रामीणों के अधिकारों पर भी कुठाराघात है। वहीं कुछ स्थानीय बाहुबली, ग्राम विकास के नाम पर, रेत उत्खनन स्थलों से जबरन रॉयल्टी वसूलते हैं। यह रॉयल्टी शासन के खाते में नहीं, बल्कि उनके निजी जेबों में जाती है। मैं पूछना चाहता हूँ कि किसके आदेश से और किस नियम के तहत यह सब चल रहा है? और इस पर कोई भी प्रशासनिक कार्यवाही ना होना भीसमझ से परे है। वहीं रेत का अवैध भंडारण खुलेआम हो रहा है। कई स्थानों पर शासकीय जमीन भी शामिल है, उसमें कुछ लोगों द्वारा रेत का अवैध रूप से भंडारण भी किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह से खनिज अधिनियम का सीधा-सीधा उल्लंघन है। मैं इस मंच के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह करता हूँ कि इस पर तत्काल जांच की जाए और जिन-जिन लोगों ने अवैध रूप से रेत का उत्खनन या भंडारण किया है, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो। चंद्राकर ने कहा कि मैं विशेष रूप से आग्रह करता हूँ कि संबंधित खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन संयुक्त कार्रवाई करते हुए इस पूरे अवैध कारोबार को बंद कराएं। यह जनता की मांग है, और इस पर मौन साधे रहना सरासर आम जनता के प्रति अन्याय है।



### प्रशासन की प्रतिक्रिया

बागबाहरा के एसडीएम उमेश साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र में हो रहे हैं अवैध खनन, अवैध रॉयल्टी वसूली, तथा अतिक्रमण इत्यादि मामलों में ग्राम पंचायतों की शक्तियों, दायित्वों और शासन की प्राथमिकताओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्हें जनपद अध्यक्ष द्वारा उठाए गए विषयों की गंभीरता को स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया गया कि उक्त मामलों पर जांच की जाएगी तथा दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई होगी। साथ ही उन्होंने उक्त मामलों में ग्राम पंचायत के अधिकारों, दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण भी आयोजित करने के लिए निर्देशित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत सीईओ मंडावी, तहसीलदार हरीशकांत ध्रुव तथा विकासखंड के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ग्राम नर्रा में आयोजित समाधान शिविर केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि एक सामाजिक चेतना का केंद्र बना। जहां जन प्रतिनिधियों ने जनता की आवाज बनकर ठोस मांगें रखीं और प्रशासन ने भी संवेदनशीलता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि अब ऐसे मामलों में सख्ती से निपटा जाएगा।

### चंद्राकर ने किया अवैध शराब बिक्री पर तीखा प्रहार

इसी के साथ मैं एक और गंभीर समस्या की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि अवैध शराब का धंधा, गांव-गांव में चुपचाप चल रही ये अवैध शराब की दुकानें, हमारे युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही हैं। एक ओर सरकार नशामुक्ति अभियान चला रही है, दूसरी ओर कुछ लोगों के संरक्षण में ये अवैध शराब के अड्डे फल-फूल रहे हैं। उन्होंने पुलिस विभाग और आबकारी विभाग से गश्त बढ़ाने, शराब माफियाओं पर कार्रवाई करने और इस ज़हर को समाज से जड़ से खत्म करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मांग केवल मेरी नहीं है, यह हर उस माता-पिता की है जो अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य देखना चाहता है।

### अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति

समाधान शिविर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य लोचन पटेल, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दुबेलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल, कोमाखान मंडल अध्यक्ष नितिन जैन ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा।



### कोमाखान में सैनिक सम्मान कार्यक्रम हुआ

**नर्रा।** एकल अभियान संच कोमाखान के तत्वावधान में 25 मई सोमवार को कोमाखान के अटल समरसता भवन में सैनिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता व छत्तीसगढ़ महतारी की पूजन अर्चन कर की गई। कार्यक्रम में सैनिकों के पालकगण उपस्थित रहे। जिसमें ग्राम खट्टी से सैनिक नोहर सिंग पटेल के माता लछतीन बाई पटेल, ग्राम शिवनी से सैनिक भोला राम निषाद के पिता गोपाल निषाद, ग्राम सिमगाव से धनराज पटेल के माता कुंती बाई पटेल आदि का सम्मान श्रीफल व शाल भेंटकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में जवा बाई ठाकुर सरपंच कोमाखान रही। अध्यक्षता आशीष राव वाकडे अध्यक्ष संच समिति कोमाखान ने की। इस अवसर पर संच समिति सदस्य हेमंत सोनवानी पूर्व अभियान महासमुंद, मुख्यवक्ता के रूप में रमेश पटेल जिला कोषाध्यक्ष किसान मोर्चा, दीपेश यादव, त्रिलोक टांडी, प्रणव तिवारी, एसपीगण उषा ठाकुर, गिरिजा देवांगन, रूखमणी यादव, दुलारी देवांगन, किरण मानिकपुरी, लक्ष्मी, देवन्तीन ठाकुर, (समाज सेवी) तथा कार्यकर्तागण सालिक राम साहू (अभियान प्रमुख अंचल महासमुंद), राधेश्याम दीवान (संच प्रमुख भुरकोनी), मदन लाल साहू (संच प्रमुख कोमाखान) एवं आचार्य बंधु भगिनी आदि उपस्थित रही।



### सुशासन तिहार में जमीनी स्तर की सभी समस्याओं का समाधान संभवः विधायक

**पटेवा।** ग्राम पंचायत रायतुम में सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि यह शिविर शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने और जमीनी स्तर की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचे और कोई भी वंचित न रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवकी प्रकाश, धरम पटेल, सोनिया रमन सिंग ठाकुर (सरपंच), भाजपा नेता संदीप घोष, पवन पटेल, मुन्ना साहू, मंडल महामंत्री सुनील पटेल, मंडल उपाध्यक्ष डोमन यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष दिलेश्वर साहू, जनपद सदस्य रूपकुमारी ध्रुव, कौशिल्या ठाकुर, मनोज यादव, प्रीतम गजेंद्र, धरम सिन्हा, मोहन साहू, नीतीश गजेन्द्र समेत भाजपा के कई पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। जनसमस्याओं के समाधान के लिए यह शिविर स्थानीय जनता के लिए एक सशक्त मंच बनकर उभरा, जहाँ लोगों की समस्याएं सुनी गईं और अनेक मामलों का मौके पर ही निराकरण भी किया गया।

# शिविर में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राज्य शासन की वय वंदन योजना के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए शहर के वार्डो में 22 मई से 30 मई 2025 तक शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है। 26 मई को वार्ड क्र. 14 आंगनबाड़ी केंद्र एवं पुराना शासकीय अस्पताल में शिविर स्थल पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार, माखन पटेल, धनेंद्र चंद्राकर, पूर्व पार्षद एवं नगर पालिका विधायक प्रतिनिधि हफीज कुरैशी, भाजपा नेता हनीष बग्गा, शरद मराठा, गौरव राठी पहुंचकर आयुष्मान कार्ड निर्माण का निरीक्षण किया। सुपरवाइजर दीपक तिवारी से जानकारी ली गई। दोनों शिविर स्थल में लगभग 60 कार्ड बने है। 70 वर्ष या उनसे अधिक उम्र के लगभग 12 कार्ड बने है। बाकी 70 से कम उम्र के लोगों का बना है। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद्र राठी ने बताया कि शहर में 70 वर्ष से अधिक उम्र के 2000 वरिष्ठ नागरिकों का 5 लाख इलाज वाला वय वंदन आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है, जो शिविर स्थल में नही आ सकते, ऐसे वृद्ध नागरिकों के घर पर पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्ड बनाया जाएगा। एपीएल कार्डधारी अगर 70 वर्ष या अधिक उम्र के है उनका 5 लाख का कार्ड बनेगा। बीपीएल कार्ड में सभी का 5 लाख रुपए का इलाज के कार्ड बन रहे है। आगामी शिविर 27 मई को वार्ड क्र. 4 नयापारा तीज बाई साहू आंगनबाड़ी केंद्र, वार्ड नं. 29 पुराना मलेरिया आफिस चौक आंगनबाड़ी केंद्र, 28 मई 2025 को वार्ड नं. 22 सुभाष नगर आंगनबाड़ी केंद्र, वार्ड नं. 13 सुल्तान बानो आंगनबाड़ी केंद्र, 29 मई 2025 को वार्ड नं. 24 उड़ियापारा आंगनबाड़ी केंद्र, वार्ड नं. 12 दलदली पारा, 30 मई 2025 को शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर कुम्हारपारा, वार्ड नं. 3 ईमलीभाठा राखी शर्मा आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित होगा। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 2 बजे तक कार्ड शिविरों में बनाये जाएंगे।



# नर्रा के सुशासन तिहार समाधान शिविर में 15 पंचायतों की समस्याओं का हुआ समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

सुशासन तिहार के तृतीय चरण में बागबाहरा विखं के ग्राम पंचायत नर्रा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 26 मई 2025 रविवार को सातवां चरण समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत महासमुंद उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर शामिल हुए।

शिविर की शुरूआत राजगीत एवं सभी अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजन अर्चन कर की गई। इसके बाद मंच पर मंचासीन सभी जनप्रतिनिधियों में जनपद सदस्य व सरपंचों का स्वागत अक्षत व फूल मालाओं से किया गया। बाद सभी अतिथियों द्वारा विभागीय स्टालों का अवलोकन किया गया। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग के स्टॉल में गर्भवती माताओं का गोदभराई का रस्म एवं छह माह के बच्चे को अन्नप्राशन कराया गया। शिविर में अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री स्वामित्व आबादी पट्टा का वितरण किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बागबाहरा अध्यक्ष केशवनायक राम चंद्राकर, स्वास्थ्य विभाग सभापति लता कुम्हार, जनपद सदस्य लोचन पटेल, जनपद सदस्य पूजा एवन साहू जनपद सदस्य भगवती ठाकुर, दुबेलाल साहू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, नितिन जैन, लुकेश पंडोरिया, कलाराम नायक, गोविंद साहू, नवीन पटेल, लेखमणी पटेल, किरन यदु, प्रवेंद्र दीवान उमेश साहू, रामलाल सिन्हा, राजेद्र गुप्ता, स्थानीय सरपंच नामेश्वरी दीवान, नर्रा सरपंच लीलाबाई दीवान, पंडरीपानी सरपंच गायत्री ठाकुर, बिंद्रावन सरपंच परसुली जलसिंह चक्रधारी, सरपंच खिलेश्वरी यादराम सिन्हा, खट्टी सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, परकोम सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी, राटापाली सरपंच प्रीतम चौधरी, उखरा सरपंच डेविड नायक, पतेरापाली स सरपंच एवन साहू, कोसमर्रा सरपंच गैंदी बाई ध्रुव एवं अनुभागीय अधिकारी एसडीएम उमेश साहू, जनपद सीईओ मंडावी, कोमाखान तहसीलदार हरिशकांत ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस शिविर में मुख्य अतिथि ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में बैठे मोदी सरकार और राज्य के विष्णुदेव साय के सुशासन में गरीब किसान तबके लोगों को शासन का लाभ मिलना चाहिए। पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे और योजनाओं का सीधा लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। शिविर में जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर ने भी संबोधित कर इस शिविर का उद्देश्य है कि हर नागरिक को सुशासन का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने इस शिविर के माध्यम से अवैध शराब और अवैध रेत खनन के खिलाफ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिविर में विभागवार अधिकारियों ने बारी बारी से योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शिविर में 15 पंचायतों के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## कृषि विकास निगम अध्यक्ष का बसना एवं सरायपाली प्रवास आज



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर 27 मई को जिले के बसना एवं सरायपाली प्रवास पर रहेंगे। जारी प्रोटोकॉल के अनुसार चंद्राकर प्रातः 9 बजे निज निवास महासमुंद से सरायपाली के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां वे बीज प्रक्रिया केंद्र सरायपाली में आयोजित कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर बीज उत्पादक किसानों से चर्चा कर प्रक्रिया केंद्र का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। पश्चात दोपहर 2:30 बजे बसना स्थित बीज प्रक्रिया केंद्र पहुंचेंगे। वहां आयोजित कृषक संगोष्ठी में सम्मिलित होकर किसानों से भेंट करेंगे। शाम 4 बजे बसना में आयोजित पुण्यश्लोक रानी अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती में शामिल होंगे।



## 50 ने दिलाई कराते कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा

**महासमुंद।** शिको काई शीतोरियो कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में जिला कराते संघ महासमुंद द्वारा रविवार को गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर हाल में कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ कराते बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा मुख्य पर्यवेक्षक एवं परीक्षक छत्तीसगढ़ कराते डू एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रेंशी बी. ब्रम्हय्या नायडू ने लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशिक्षक देवराज धनकर, सेंसाई जयंत नायडू, महासमुन्द कराते संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल दुबे और सचिव आनंद कुमार वैष्णव, प्रशिक्षक लालू सोनवानी, प्रवीण मलिक, अभय दास उपस्थित थे। पिछले दो वर्षों से जिला कराते संघ महासमुंद द्वारा कराते बेल्ट एग्जाम का आयोजन किया जाता रहा है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मई को बेल्ट एग्जाम रखा गया। जिसमें कराते खिलाड़ी काता, पंचेस, ढाची, सेल्फ डिफेंस और अपने कौशल का प्रदर्शन करते हैं। जिले से 14 खिलाड़ियों ने येलो बेल्ट, 12 खिलाड़ियों ने ऑरेंज बेल्ट, 4 खिलाड़ियों ने ग्रीन बेल्ट और 4 खिलाड़ियों ने ब्राउन बेल्ट और रायपुर जिले से 16 खिलाड़ियों ने परीक्षा दिलाई।

## महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए रखा वट सावित्री का व्रत



**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा में महिलाओं ने वट सावित्री का व्रत रख कर पति की दीर्घायु की कामना की। सोमवार को सुबह 06 बजे से निर्जला व्रत रखकर बरगद पेड़ के नीचे वट सावित्री की पूजा अर्चना कर परिक्रमा करते हुए रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने वट सावित्री व्रत के बारे में बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह व्रत जेष्ठ माह की अमावस्या के दिन यानी आज मनाया जा रहा है और सुबह से ही हम सभी शृंगार कर आसपास के बरगद पेड़ के नीचे पहुंचकर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया और बरगद पेड़ की सात बार परिक्रमा कर रक्षा सूत्र बांधा।

## सुहागिन महिलाओं ने रखा वट सावित्री का व्रत

### पति के दीर्घायु के लिए घर में वट वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुनी कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिरकोनी



ग्राम बड़गांव में सोमवार को वट सावित्री की पूजा अर्चना धूमधाम से की गई। बाजार चौक, चंडी मंदिर, तालाब के पास, घरों व खेतों में लगे बरगद पेड़ की परिक्रमा कर महिलाओं ने अखंड सौभाग्यवती का वरदान मांगा। इसकी तैयारी महिलाओं ने एक दिन पहले की थी। सुहागिनें अपनी पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत के साथ ही अपने पति की कामयाबी और सुख-समृद्धि के लिए कामना की। सर्वप्रथम वट सावित्री के वृक्ष के साथ सत्यवान और सावित्री की पूजा अर्चना की। साथ ही शनिदेव की जयंती भी मनायी गई। चंडी मंदिर में सुहागिनों ने शुभ मुहूर्त पर वट वृक्ष की पूजा से वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि व पति की लंबी आयु के लिए कामना की। पूजा पाठ के दौरान वट वृक्ष के नीच सावित्री और सत्यवान की मूर्ति को स्थापित की गई। इसके बाद वट वृक्ष में जल अर्पित करके फूल, भीगे चने, गुड़ और मिठाई चढ़ाई जाती है। इसके बाद वट वृक्ष के चारों तरफ विधि विधान से रोली बांधते हुए सात बार परिक्रमा कर वट सावित्री की कथा सुनाई।

### शिविर : विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

# 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक : सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



सुशासन तिहार के तृतीय चरण अंतर्गत जिले में समाधान शिविर का आयोजन 30 मई तक जारी रहेगा। यह शिविर नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के साथ ही शासन की योजनाओं और सेवाओं की जानकारी सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत रायतुम हाईस्कूल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सिन्हा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र, राशन कार्ड, आवास अभिनंदन पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य देवकी पटेल, जनपद सदस्य रूपकुमारी ध्रुव, कौशल्या ठाकुर एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप यह शिविर आम जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाएं और योजनाओं का लाभ प्रदान करने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। सरकार की यह प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे और उन्हें सीधे योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना हमारा साझा लक्ष्य है। इस लक्ष्य की प्राप्ति केवल तभी संभव है जब प्रशासन, अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मिलकर एकजुटता और समर्पण के साथ कार्य करें। विधायक सिन्हा ने यह भी कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों का लाभ आम जनता तक तभी पहुंच पाएगा, जब सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय और पारदर्शिता होगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे जनसमस्याओं का तत्परता से समाधान करें और विकास कार्यों को प्राथमिकता दें, ताकि विकसित भारत का सपना साकार हो सके।

उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना, जिसका वादा हमारी सरकार ने किया था, आज उनके खातों में एक हजार रुपए की राशि हर माह पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि हमारी बहन-बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए सरकार महतारी सदन का निर्माण कर रहे हैं। झलप में भी इसका निर्माण कार्य जारी है और पटेवा में भी बनना जल्दी शुरू होगा। यह सदन सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि एक मंच है, जिसके कोरा में बैठकर बहनें अपनी समस्याओं और सामाजिक विषयों पर खुलकर चर्चा कर सकेंगी। यह नारी स्वावलंबन की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। विधायक सिन्हा ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद क्षेत्र में लहंगर से पीढ़ी मार्ग की स्वीकृति हो गई है। जल्दी ही टेंडर लगेगा और भूमि पूजन किया जाएगा। इसी तरह पटेवा से रायतुम मार्ग, ग्राम साराडीह, बनसिवनी मार्ग, नवापारा से अछरीडीह आदि की स्वीकृति के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटेवा से खल्लारी मार्ग और पतई माता रोड की स्वीकृति से हमारे ग्रामीण अंचल को बेहतर संपर्क सुविधा मिलेगी। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी और निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

### सुशासन तिहार में कुल 3472 प्राप्त आवेदनों में से 3466 का निराकरण

शिविर में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पवन पटेल, संदीप घोष, मुन्ना साहू, सुनील पटेल, सरपंच सोनिया ठाकुर, चम्पाबाई पटेल, दिनेश्वर साहू, संतोष चंद्राकर, उषा सोनी, पार्वती पटेल, इंदिरा बाई सिन्हा, कुमारी बंजारे, आशा ठाकुर, नूतन दीवान, सिया बाई नंदे, पप्पू गजेंद्र, निशेंद्र गजेंद्र, एसडीएम हरिशंकर पैकरा, जनपद सीईओ बरन सिंह मंडावी समेत अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। रायतुम समाधान शिविर में 13 ग्राम पंचायतों इनमें बनपचरी, कछारडीह, कोलपदर, नवागांव, पटेवा, रायतुम, रूमेकेल, सिंधोरी, तोरेंगा, तोरला, बोदरा, जोगीडीपा एवं भावा के ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन भी प्रस्तुत किए। सुशासन तिहार में कुल 3472 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें 3466 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शेष आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। शिविर में संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही लोगों को संबंधित आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर लाभार्थियों को मौके पर ही योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं। जिसमें समाज कल्याण विभाग द्वारा 68 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र, पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 02 लाभार्थियों को अभिनंदन पत्र, 11 लोगों को जॉब कार्ड, खाद्य विभाग द्वारा 06 हितग्राहियों को राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा 30 हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड, 03 कृषकों को किसान किताब एवं छत्तीसगढ़ निक्षय निरामय अंतर्गत 03 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिविर में जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित बहुउद्देशीय एवं ज्ञान व योजना परख जनमन पत्रिका का वितरण किया गया। इसी तरह पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भुरकोनी हाईस्कूल, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्रा एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पाटसेंद्री हाईस्कूल में समाधान शिविर का आयोजन हुआ।

## शहर को हरियर महासमुंद बनाने 5 हजार पौधों का होगा रोपण : निखिलकांत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

■ पालिका अध्यक्ष ने दी एनयूएलएम प्रभारी को निर्देश

नगर के विभिन्न उद्यानों, शासकीय दफ्तरों सहित सार्वजनिक स्थलों व वार्डों के रिक्त पड़े स्थानों पर अब पालिका द्वारा पौधरोपण किया जाएगा। रोपे गए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी शहर के महिला स्वसहायता समूहों को दी जाएगी। पौधारोपण की तैयारी के लिए आज नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने एनयूएलएम के प्रभारी तिवारी से चर्चा कर कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत वूमेन फॉर ट्री के तहत एनयूएलएम के संयुक्त तत्वावधान में पालिका द्वारा शहर में 5 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष साहू महिला समितियों को पौधे उपलब्ध कराएंगे। समूह की महिलाओं द्वारा चयनित स्थलों पर पौधे रोपे जाएंगे। पालिका अध्यक्ष साहू ने कहा कि पौधारोपण का यह कार्य शहर को हरियर महासमुंद बनाने की दिशा में एक बेहतर प्रयास साबित होगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं द्वारा चिन्हित स्थलों में संजय कानन, शास्त्री चौक रोड, स्वामी आत्मानंद स्कूल, कलेक्ट्रेट परिसर, डीईओ ऑफिस परिसर, मुक्तिधाम सहित सभी वार्डों के खाली भूमि पर पौधारोपण किया जाएगा। नपाध्यक्ष ने कहा कि यह पहल पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है, जो नगर को हरित भविष्य के साथ नगर की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को भी प्रोत्साहित करती है। अगामी माह से वृक्षारोपण किये जाने की तैयारी के लिए महिला समूह को उन्होंने अभियान की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है। अभियान को सुचारू रूप से संचालित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया।

## तेलघानी अध्यक्ष का छिंदौली में स्वागत तिलहन की फसलों पर की गई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

ग्राम छिंदौली में साहू समाज के जिलाध्यक्ष धरम दास साहू के निवास में तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू का आगमन हुआ। जहां साहू समाज के जिला व तहसील पदाधिकारियों ने आत्मीय स्वागत कर अनेक विषयों पर चर्चा की। इस संबंध में धरमदास साहू ने बताया कि साहू समाज का परांपरागत व्यवसाय तेलघानी का रहा है। जिसको लेकर बोर्ड अध्यक्ष से चर्चा हुई और तिलहन की खेती के संबंध में भी व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिला एवं तहसील के पदाधिकारी तुलाराम साहू, डा. लक्ष्मण साहू, मोतीराम साहू, चंद्रहास साहू, भेखलाल साहू, श्यामलाल साहू, देवेश साहू, श्यामकुमार साहू, सेवाराम साहू, चमनलाल साहू, भुवन, डोलामणि, मनोहर साहू, मूलचंद साहू, खेमराज साहू, केशव साहू, रेवाराम, युगलकिशोर, भूषणलाल, प्रेमलाल, मोरध्वज, जवाहर, रमेश, तुकाराम समेत ईश्वर साहू आदि मौजूद थे।

## फेडरेशन संयोजक पहुंचे कर्मचारी भवन



**महासमुंद।** कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा के नगर प्रवास के दौरान तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन में संगठन के साथियों ने आत्मीय स्वागत कर संगठन से संबंधित विषयों पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष दिलीप तिवारी ने बताया कि 28 मई को फेडरेशन के प्रांताध्यक्षों की बैठक मंत्रालय में आयोजित है। जिसमें युक्तियुक्तकरण के संबंध में चर्चा कर हल निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि युक्तियुक्तकरण को लेकर शिक्षकों की समस्याओं को दूर किया जाना नितांत आवश्यक है।

## घासी-घसिया समाज का शपथ ग्रहण समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद



छत्तीसगढ़ प्रदेश घासी-घसिया समाज का शपथ ग्रहण समारोह रायपुर में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष लखन सागर, उपाध्यक्ष रघुराम सिंदूर, कार्यकारी अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनी, महामंत्री युवराज सेंद्रे एवं प्रदेश संरक्षक पद्मश्री डॉक्टर जीसीडी भारती बंधु ने जगन्नाथ प्रभु एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस मौके रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में दक्षिण विधानसभा के विधायक सुनील सोनी एवं उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा शामिल हुए। विधायकों ने भवन देने एवं मरम्मत के लिए 10 लाख तथा भवन के ऊपर भी हाल बनाने में 10 लाख देने का वादा किया। कार्यक्रम में महासमुंद जिला से नंदू सोनी, जय किशन सोनी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाना संघ का उद्देश्यः भूपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का त्रिदिवसीय प्रारंभिक वर्ग बिरकोनी मां चंडी की पावन धरा में हुई। इस वर्ग में शारीरिक शिक्षण के साथ-साथ बौद्धिक शिक्षण का भी आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षण के अंतर्गत मुख्य शिक्षक प्रखर साहू के मार्गदर्शन में दंड, नियुद्ध, समता, व्यायाम योग का शिक्षण विषय विशेषज्ञ हर्ष पटेल, मनोज देवांगन, मुकेश भोई, मनीष, नागेश, राजेश पटेल, टिकेंद्र द्वारा दिया गया।

बौद्धिक शिक्षण के अंतर्गत वर्ग के बौद्धिक प्रमुख गुलाब सेन व ओमनारायण शर्मा के मार्गदर्शन में हिंदू संस्कृति की विशेषताएं और परिचय विषय पर चर्चा की गई। भारत का प्राचीन इतिहास और मानचित्र परिचय विषय पर गुलाब सेन और कुणाल चंद्राकर द्वारा संवाद लिए गए। बौद्धिक सत्र में संघ की प्रारंभिक जानकारी विषय पर बोलते हुए नगर संचालक भूपेंद्र राठौड़ ने कहा कि डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने हिंदुओं को संगठित करने और देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में की थी। संघ का उद्देश्य राष्ट्र को परम वैभव के शिखर पर पहुंचना है। 'डॉक्टर हेडगेवार विषय पर आयोजित बौद्धिक सत्र में खंड के बौद्धिक प्रमुख उमेश भारती गोस्वामी ने कहा डॉक्टर हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। बाल्यपन में महारानी विक्टोरिया के जन्मदिवस



के अवसर पर मिठाई को कूड़े में फेंक देना, शाला निरीक्षक का वंदे मातरम के उद्घोष से स्वागत, एडवर्ड किंग के राज्याभिषेक पर आतिशबाजी का बहिष्कार, अंग्रेजों के यूनियन जैक के स्थान पर भारतीय संस्कृति का ध्वज लगाने के लिए सुरंग खोदना जैसे कार्य साहसिक कार्य करना इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर हेडगेवार ने व्यक्तित्व निर्माण के लिए एक अभिनव पद्धति शाखा की खोज की। 1 घंटे की शाखा में व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक बौद्धिक विकास होता है अर्थात शाखा व्यक्तित्व निर्माण का कारखाना है। प्रारंभिक वर्ग के कार्यवाह चेतन साहू, वर्ग पालक माननीय खंड संचालक भगोलीराम साहू ने बताया कि वर्ग में महासमुंद नगर सहित विकासखंड से कुल 82 शिक्षार्थी प्रशिक्षित हुए। प्रशिक्षण में 14 से 60 वर्ष आयु वर्ग के पांच गण बनाए गए थे और गण के लिए गण शिक्षक नियुक्त किए गए। वर्ग के सुचारू संचालन के लिए आवास, भोजन, पेयजल, आपूर्ति, व्यवस्था आदि विभाग बनाए गए थे। जिला सह बौद्धिक प्रमुख राधेश्याम सोनी व खंड कार्यवाह चंदन डड़सेना के संयोजन में आयोजित प्रारंभिक वर्ग में को सफल बनाने में चेतन ठाकुर, प्रकाश टंडन, धर्मेंद्र डड़सेना, खगेंद्र तारक, नारायण सिंह ठाकुर, राजेश डड़सेना, रामेश्वर गन्नू साहू, निलेश पटेल, राकेश यादव, संतराम तारक, बलराम साहू, प्रांशु चंद्राकर, त्रिलोक शर्मा, गुलशन, देवेंद्र निर्मलकर, विवेक साहू, इंद्रमणि नापित, रूपेश साहू, सोनू, राहुल साहू, यादेश, गुलशन, प्रेमशंकर, पूज्यदेव, धनेंद्र आदि का सराहनीय योगदान रहा। चंडी मंदिर समिति, सरपंच चंदन चंद्राकर, मोतीराम साहू, मनोज चंद्राकर, तुलस राम साहू, उमेश चंद्राकर, सीके तिवारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।



**खबर संक्षेप**



## सुहागिन महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में वट सावित्री का व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने बरगद वृक्ष की पूजा अर्चना की। और अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। राधिका वैष्णो ने कहा कि वट सावित्री का व्रत बड़ी संख्या में विवाहित महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए बरगद वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना की। इस दौरान कलिंद्री, द्रोपति, कौशल, दिनेश्वरी, गिरजा, लता, लतिका, माया, सरस्वती, शशि, उमा, हेमलता, सरोजिनी आदि मौजूद रहीं।

## हज यात्रा के लिए हुए रवाना



**महासमुंद।** हज यात्रा के लिए नगर के मो. कलाम खान व उनकी अहिल्या शुक्रवार को हज हाउस नागपुर के लिए रवाना हुए। जहां से जेद्दाह के लिए रविवार को रवाना हुए। हज यात्रियों को रेलवे स्टेशन तक छोड़ने पहुंचे परिजन, रिश्तेदार, दोस्त व सामाजिकजन जुटे। हज यात्रियों को फूलमाला पहनाकर रवाना किया गया। ये जानकारी मो. सरफराज राजवानी ने दी है।



## गोस्वामी समाज का वार्षिक सदस्यता अभियान जारी

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज जिला इकाई महासमुंद द्वारा वार्षिक सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी के साथ रामेंद्र प्रकाश गिरि, शंकर पुरी, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, यशवंत गिरि, संतोष गिरि, अर्जुन गिरि, राजेंद्र बन, राम पुरी, राजू गिरि, ओंकार गिरि आदि पदाधिकारियों द्वारा ग्राम अरंड, सिरगिड़ी, कोसरंगी, खुटेरी, आमाकोनी तथा पोटिया में निवास करने वाले गोस्वामी समाज के लोगों के घर जाकर संपर्क किया गया। उन्होंने ने बताया जून महीने के पहले सप्ताह तक पूरे जिले में निवासरत गोस्वामियों के घर जाकर वार्षिक सदस्यता अभियान पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## शनिदेव की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा आज

**नर्रा।** शनि जयंती पर आज मंगलवार को ग्राम खट्टी के कलार समाज द्वारा नवनिर्मित शनिदेव मंदिर में न्याय के देवता शनिदेव की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। जिसमें कलश यात्रा बेदी पूजा के साथ सपन्न होगा। पूजा के पश्चात प्रसादी वितरण व भंडारा का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर संध्या रामायण कार्यक्रम पारसमणी पटेल मानस मंडली पुरानी बस्ती रायपुर, अर्चना आदर्श महिला मानस परिवार बडे करेली धमतरी, पंडवानी गायिका पूनम सिन्हा मंडेली छुरा का कार्यक्रम रखा गया है।

### पर्व : वट सावित्री व्रत के साथ सोमवती अमावस्या का बना शुभ संयोग

# पति की दीर्घायु के लिए सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पटपरपाली (कोमाखान)**

आज देशभर में महिलाएं वट सावित्री का व्रत रख रही हैं। हर साल ये व्रत ज्येष्ठ माह की अमावस्या को रखा जाता है। आज का दिन कई मायनों में खास है। क्योंकि, वट सावित्री व्रत के साथ सोमवती अमावस्या का शुभ संयोग बन रहा है। ऐसे में जो महिलाएं इस दिन व्रत रख रही हैं, उन्हें इस खास मौके पर विशेष लाभ की प्राप्ति होगी।

वट सावित्री का व्रत सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए रखती हैं। इस दिन विवाहित महिलाएं पति दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती हैं और वट वृक्ष की पूजा करती हैं। मान्यतानुसार इस वृक्ष में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास होता। आज सोमवती अमावस्या वट सावित्री व्रत के दिन विगत कई वर्षो से अस्तव्यस्त बढ़ वृक्ष परिसर को महिलाओं की विशेष मांग पर पटपरपाली ग्राम पंचायत की महिला सरपंच लता कमलेश टांडेय ने कांक्रीटीकरण पक्का निर्माण कर महिलाओं के साथ वट सावित्री का व्रत रख पूजा किया। सरपंच लता कमलेश टाण्डेय ने कहा कि ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत करने की परंपरा होती है। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती हैं और वट के पेड़ की पूजा भी करती हैं। इस व्रत का महत्व करवा चौथ जैसा ही है। वट वृक्ष (बरगद) एक देव वृक्ष माना जाता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश और सावित्री भी वट वृक्ष में रहते हैं। प्रलय के अंत में कृष्ण भी इसी वृक्ष के पत्ते पर प्रकट हुए थे। तुलसीदास ने वट वृक्ष को तीर्थराज का छत्र कहा है। ये वृक्ष न केवल अत्यंत पवित्र है, बल्कि काफी ज्यादा दीर्घायु वाला भी है। लंबी आयु, शक्ति, धार्मिक महत्व को ध्यान में रखकर इस वृक्ष की पूजा होती है। पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इस वृक्ष को ज्यादा महत्व दिया गया है।



# महाविद्यालय में स्नातक प्रथम सेमेस्टर के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पार्टल 24 मई से प्रारंभ हो गया है। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के एनईपी प्रभारी डॉ. ईपी चेलक ने बताया कि 12वीं उत्तीर्ण छात्र छात्राएं महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित कक्षाएं बीए, बीकॉम, बीएससी बायो एवं गणित, बीसीए प्रथम सेमेस्टर एवं डिप्लोमा कोर्स के अंतर्गत डीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेना चाहते है वे विश्विद्यालय के ऑनलाइन आवेदन पोर्टल से अपना फॉर्म भर सकते हैं।



महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम बीए प्रथम सेमेस्टर में 440 सीटें, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर 225 सीटें, बीएससी बायो प्रथम सेमेस्टर 300 सीटें, बीएससी गणित प्रथम सेमेस्टर 160 सीटें, बीसीए प्रथम सेमेस्टर 40 सीटें एवं डीसीए प्रथम सेमेस्टर 100 सीटें महाविद्यालय में है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पश्चात विश्वद्यालय के आगामी आदेशों के बाद उक्त सीटों पर मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। यह जानकारी प्राचार्य करुणा दुबे ने दी।

# सरकारी डॉक्टरों की मनमानी पर लगाम कसने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने जिला अस्पताल के सरकारी डॉक्टरों के मनमानी पर लगाम कसने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल को ज्ञापन सौपा। तुषार ने कहा कि सरकारी अस्पताल में 2 दोपहर के बाद से डिलीवरी, गंभीर बीमारों और दुर्घटनाग्रस्त लोगों के इलाज में परेशानी हो रही है। अस्पताल में 2 दोपहर के बाद डॉक्टर नहीं मिलते। अस्पताल का डॉक्टर ड्यूटी चार्ट दिन और रात में अपडेट नहीं होता। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर अपनी ड्यूटी पीरिएड में भी अस्पताल से नदारद रहते हुए निजी अस्पतालों में ओपीडी प्रैक्टिस कर रहे हैं।



तुषार आगे कहा कि जिले में ऐसे कई शासकीय डॉक्टर हैं, जिनका खुद का अस्पताल है या फिर कुछ अस्पतालों में पार्टनरशिप में काम चल रहा है। बकायदा इन डॉक्टरों निजी अस्पतालों में उन डॉक्टरों नाम और ओपीडी टाइमिंग का बोर्ड चस्पा है। ऐसे डॉक्टरों पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन और जिला चिकित्सा अधिकारी को कड़ाई बरतने की जरूरत है। शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों की सेवा लेने वाले निजी अस्पतालों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

# यात्रा में शामिल हुई अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच के तत्वावधान में 25 मई रविवार को लोहिया चौक में सिंदूर शौर्य यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद इकाई ने गर्वपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा हाल ही में आतंक के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर उनका आभार प्रकट करने और उनका स्वागत वंदन करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र बलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पष्ट निर्देशों और प्रभावशाली रणनीति के अंतर्गत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर स्थित आतंकी ठिकानों को सफलतापूर्वक ध्वस्त किया। इस ऑपरेशन में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का विशेष योगदान रहा, जिसे सराहना मिली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शशि प्रभा थिटे और विशेष अतिथि वक्ता के रूप में अखिल भारतीय सैन्य मातृशक्ति सेवा परिषद की सरला सोनी। अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में उन्होंने भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम तथा सरकार की अडिग इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का प्रमुख आधार बताया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा समेत अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में भव्य सिंदूर शौर्य यात्रा भी निकाली गई। इस आयोजन में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद महासमुंद इकाई से अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, पूर्व सैनिक नंदकिशोर सिन्हा, मानिक राम तथा सैन्य मातृशक्ति सेवा परिषद की अंजना चंद्राकर, सीमा वर्मा, रोहिणी सिन्हा एवं आशा साहू की उपस्थिति रही।



# सच्चा मित्र वही, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और मदद करें: विकास

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

राम मंदिर के पास निर्मलकर परिवार के संयोजन में चल रही भागवत कथा का प्रसंग सुदामा चरित्र के वर्णन के साथ हुआ। कथाव्यास पंडित विकास मिश्रा जगन्नाथ मंदिर द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए। पंडित शरद मिश्रा महाराज ने भजन सुनाए। कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान कृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे। परंतु, आजकल स्वार्थ की मित्रता रह गई है। जब तक स्वार्थ सिद्ध नहीं होता है, तब तक मित्रता रहती है। जब स्वार्थ पूरा हो जाता है, मित्रता खत्म हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान कृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान कृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। कथा के दौरान आचार्य मिश्रा ने श्रोताओं को सुदामा चरित्र को विस्तार से सुनाते हुए कृष्ण सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा की स्थिति को सुधारा। आचार्य ने गौ सेवा कार्य करने पर जोर दिया। सुदामा की मनमोहक झांकियों का चित्रण किया गया, जिसे देखकर हर कोई भाव विभोर हो उठा। अंत में कृष्ण के दिव्य लोक पहुंचने का वर्णन किया। महाआरती के बाद भोग वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि 19 मई से 26 मई तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन निर्मलकर परिवार की ओर से किया गया। इस पवित्र अवसर को सफल बनाने में सभी नगर के भक्तों एवं समस्त परिवार ने अहम भूमिका निभाई। यह भागवत कथा का आयोजन राम मंदिर के पास डॉ पवन निर्मलकर निवास स्थान पर किया गया।



# दुर्गापाली स्कूल का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)**

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली का परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा प्रभारी शिवप्रसाद पटेल ने बताया कि कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 94 प्रतिशत, 12वीं कला 95 प्रतिशत, 12वीं विज्ञान 100 प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं में खीरसागर ने 86.1 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर लोमश उरांव 80.1 प्रतिशत व तृतीय स्थान अमिका साव 79 प्रतिशत प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं कला समूह में दामिनी पटेल ने 66.2 प्रतिशत व विज्ञान समूह में गायत्री यादव ने 70.2 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 वीं में 56 विद्यार्थियों में से 10 प्रथम, कक्षा 12 वीं में 47 विद्यार्थियों में से 19 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य निमंकर पटेल ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया। विद्यार्थियों की सफलता पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया, बीआरसीसी पूर्णानंद मिश्रा, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष चित्तरंजन पटेल, सरपंच मौना राजकुमार पटेल, विद्यालय के शिक्षक पुनितलाल चौधरी, सीता सिंह, जयदेव साहू, राजेश पंडा, एकता शर्मा, भूपेंद्र खूंटे, अंगदकुमार व स्टॉफ आशीष दीवान, रजनी राठिया, सत्यप्रकाश मुकर्जी, केदार पटेल ने हर्ष जताया।



# किसानों को रबी सीजन के धान की बेहतर कीमत दिलाए साय सरकार : अंकित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

खल्लारी विधानसभा के जागरूक किसान नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ किसानों का प्रदेश है और छत्तीसगढ़ में किसानों की हालत बहुत नाजुक और बहुत खराब होती जा रही है। एक तरफ गर्मी फसल की धान की कीमत नहीं मिल रही, बेमौसम बारिश ओले के कारण फसल नुकसान हुआ, विष्णुदेव सरकार ने समय पर नहरों से पानी उपलब्ध नहीं करवाया और बिजली कटौती और लो वोल्टेज ने जो नुकसान किया सो अलग। इतने दिन बीतने के बाद भी ओलावृष्टि और बारिश आंधी तूफान से हुए फसलों के नुकसान की भरपाई का क्या होगा उसका पता नहीं।



चाहे धान की फसल हो, चाहे सब्जी भाजी हो या फल लगाए किसानों को बेहद नुकसान हुआ है। आज किसान गर्मी में उगाए रबी फसल को बेचने दर दर की ठोकरें खाने और अपने धान को औने पौने में बेचने मजबूर है। मंडियां बंद है और सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। ऊपर से अतिशेष धान की भाजपा सरकार अभी जानबूझ कर नीलामी कर रही है, जिसे 1400 के आस पास बेच दिया जा रहा है। विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार की अदूरदर्शिता के कारण आज किसानों की ये हालत है, ऊपर से आज सोसाइटियों में खाद, डीएपी, बीज की सहज उपलब्धता नहीं है। जिसके कारण आज महंगी खाद और डीएपी किसानों को खरीदना पड़ रहा है। दूसरी तरफ जो डीएपी दे रहे हैं वो 201032 होना चाहिए, वो बिना किसान को बताए 201022 दिया जा रहा है। सरकार ने रैक की व्यवस्था नहीं की है और केंद्र की डबल इंजन की भाजपा सरकार डीएपी उपलब्ध नहीं करवा रही। सबसे हैरानी की बात ये है कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली भाजपा के आनुषांगिक संगठन भारतीय किसान संघ द्वारा नकली खाद की शिकायत कवर्धा में की है, और प्रदर्शन किया मतलब भाजपा के लोगों का विश्वास भी भाजपा से उठ गया है। अंकित ने कहा कि सरकार हाल ही में बारिश और आंधी तूफान और ओलावृष्टि से नुकसान हुई फसलों पर तुरंत मुआवजा दिलवाए।

### शासकीय स्कूलों को बंद कर निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने की साजिश

# युक्तियुक्तकरण से बीहड़ इलाके के बच्चे शिक्षा से हो जाएंगे वंचित: विनोद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के

- स्कूलों को बंद कर नई शराब दुकानें खोल रही भाजपा की साय सरकार

पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने प्रदेश की भाजपा सरकार के शराब नीति की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि एक तरफ युक्तियुक्तकरण के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने तथा निजी स्कूलों को लाभ पहुंचाने की साजिश सरकार रच रही है। वहीं पूरे प्रदेश में सैकड़ों शराब की नई दुकानें खोलकर प्रदेश के बच्चों, किशोर, युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने का काम किया जा रहा है। प्रदेश के वनांचल क्षेत्रों के छोटे-छोटे गांवों की आबादी बहुत कम होती है। उन ग्रामों के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या कम रहती है। महासमुंद जिला तथा गरियाबंद जिले के अनेक ग्राम ऐसे हैं, जो घने जंगलों के बीच बसा है। इन गांवों में प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहे हैं। जहां की दर्ज संख्या गांव की आबादी के हिसाब से बहुत कम है। युक्तियुक्तकरण के जो क्राइटेरिया है उसके तहत इन स्कूलों को बंद किया जा सकता है। ऐसे में वनांचल क्षेत्र के आदिवासी बच्चों को शिक्षा से वंचित होना पड़ सकता है। पहली से पाँचवी तक के बच्चों का उम्र 6 से 11 वर्ष के बीच होता है। इतने छोटे बच्चों को गांव से 3-4 किमी दूर जंगलों से गुजरकर दूसरे गांवों में भेजना खतरनाक हो सकता है। ग्रामीण क्षेत्र में घने जंगलों में तेंदुआ, हिंसक पशुओं की आमद हमेशा बना रहता है। जिससे पालक अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देंगे, जिसके कारण आदिवासियों के छोटे बच्चों को प्राथमिक शिक्षा से भी वंचित होना पड़ेगा।



पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि स्कूलों को बंद कर नई शराब दुकानें खोलने का परिणाम भयावह हो सकता है। दो दिन पूर्व ही सरायपाली में शराब के कारण 4 नौजवान युवाओं की आकस्मिक मौत हो गई। ये बच्चे शराब के नशे में थे। जगह-जगह शराब दुकानें खोलकर वहां से बोरियों में भरकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शराब पहुंचाई जा रही है। 14-15 साल के किशोर उम्र के बच्चे तथा नवजवान युवक शराब की चपेट में आ रहे हैं। विपक्ष में रहते भाजपा ने शराब के दुष्परिणाम बताते हुए पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर पूरे 5 साल शराब विरोधी आंदोलन करने का दिखावा किया। अब, उनकी सरकार आते ही शराबबंदी तो दूर सैकड़ों नई शराब दुकानें खोलकर खुलेआम शराबखोरी को बढ़ावा देने का काम कर रही है। भाजपा की सरकार बच्चों को बुनियादी शिक्षा देने के बजाय उन्हें शराब के आदी बनाने का काम कर रही है। युक्तियुक्तकरण का परिणाम आगामी समय में प्रदेश के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

चंद्राकर ने आगे कहा कि भाजपा की साय सरकार नहीं चाहती कि छत्तीसगढ़ के बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके, इसीलिए निजी शिक्षण संस्थानों को लाभ पहुंचाने, सरकारी शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने का षड्यंत्र रचा गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार ही प्रदेश के 5484 स्कूल ऐसे हैं, जो केवल एक शिक्षक के भरोसे हैं, 297 स्कूल पूरी तरह से शिक्षकविहीन है, पिछले डेढ़ साल से भाजपा की सरकार है, इस दौरान एक भी पद नियमित शिक्षक की नियुक्ति नहीं की गई। विधानसभा में 33 हजार शिक्षक के पदों पर भर्ती की घोषणा करके वह प्रक्रिया भी दुर्भावना पूर्वक रोक दी गई। अब युक्तियुक्तकरण और नए सेटअप के नाम पर हजारों स्कूलों को बंद कर शिक्षकों के पद को खत्म करने तथा ग्रामीण बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करने का अव्यवहारिक फैसला थोपा जा रहा है।

